दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 250 | इंदौर, मंगलवार 21 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- **Amritpal Singh: पंजाब में बहाल होगी इंटरनेट सेवा, मगर इन इलाकों में 23 मार्च तक नहीं मिलेगी सुविधा**
- **दिल्ली बजट पर घमासान: AAP का आरोप- वित्त और मुख्य सचिव ने रोकी बजट की फाइल, केंद्र के इशारे पर कर रहे काम**
- **BJP Popularity: दुनिया का सबसे अहम राजनीतिक दल है भाजपा, अमेरिकी अखबार WSJ में छपा लेख**
- **यूक्रेन को टैंक भेजेगा कंगाल पाकिस्तान: पश्चिमी देशों को खुश करने के लिए PAK ने बदला पाला, जानें क्या है चाल?**
- **Russia: पुतिन के करीबी नेता मेदवेदेव ने ICC को दी धमकी, कहा- आसमान पर नजर रखें, मिसाइल हमला भी हो सकता है**
- **Rahul Gandhi: भाजपा ने राहुल गांधी को बताया भारतीय राजनीति का मीर जाफर! कहा- वह हमेशा देश का अपमान करते हैं**
- **Britain: ब्रिटेन के सांसद ने खालिस्तानी समर्थकों को दिया सख्त संदेश, पुलिस से कहा-इन्हें गिरफ्तार करो**

# CM ने PM को बताया MP के खेतों का हाल

## सागर, राजगढ़, छतरपुर, रायसेन में फिर ओले गिरे, भोपाल भी भीगा, 23 से नया सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश के कई जिलों में सोमवार को भी ओलावृष्टि और बारिश हुई। छतरपुर के बड़ामलहरा, राजगढ़ और सागर में जमकर ओले गिरे। सागर में तो खेतों और सड़क पर सफेद चादर जैसी बिछ गई। मुरैना के अंबाह में बिजली गिरने से युवक की मौत हो गई। पति-पत्नी झुलस गए। रायसेन में औबेदुल्लागंज जोड़ के पास राजेश राय की बिजली गिरने से मौत हो गई। इंदौर समेत मालवा-निमाड़ में भी बारिश हुई। भोपाल में देर रात पानी गिरा। रायसेन जिले में रात 2.30 बजे तेज बारिश के साथ चने के बराबर ओले गिरे।**

ओलावृष्टि और बारिश के कारण खेतों में फसलें बर्बाद हो गईं। शिवराज सरकार ने बर्बाद फसलों का सर्वे भी शुरू करा दिया है। 27 जिलों में प्रारंभिक नुकसान सामने आया है। CM शिवराज सिंह चौहान ने 25 मार्च तक सर्वे पूरा करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी बेमौसम बारिश और ओलों से फसल तबाह होने की जानकारी दी है। सीएम ने पीएम से फोन पर बात की। सीएम शिवराज ने कहा कि वे सागर और विदिशा में प्रभावित खेतों का मुआयना करेंगे। हर खेत तक पहुंचना संभव नहीं है, लेकिन हर जिले, हर गांव और हर किसान की चिंता करूंगा। किसानों के साथ सरकार खड़ी है।

### 23-24 मार्च से फिर नया सिस्टम एक्टिव

मध्यप्रदेश में वेदर डिस्टर्बेंस की वजह से 23-24 मार्च को फिर एक सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर ग्वालियर-चंबल संभाग में देखने को मिलेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के कई शहरों में हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। इधर, मौजूदा सिस्टम से मंगलवार को भी कई शहरों में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। हालांकि, ज्यादातर शहरों में मौसम साफ रहेगा।

### सिस्टम लौटने लगा, लेकिन 23-24 मार्च को फिर एक्टिविटी

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 16 मार्च से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ बना था। दक्षिण-पूर्वी हवाएं बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी



लेकर आई। इन दोनों के मिश्रण से प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी चली। 20 मार्च तक ऐसी ही स्थिति बनी रही। यह वेदर डिस्टर्बेंस अब खत्म हो रहा है। कुछ शहरों में मंगलवार को मौसम जरूर बदला सा रह सकता है। अधिकांश शहरों में मौसम में सुधार रहेगा, लेकिन 23-24 मार्च से एक दौर और आएगा। ग्वालियर-चंबल में हल्की बारिश होने की संभावना है।

### इन जिलों में बारिश होने के आसार

मौसम विभाग की मानें, तो 23-24 मार्च को भोपाल, नर्मदापुरम, बैतूल, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मौसम बदला रहेगा। तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने के भी आसार हैं।

### भोपाल में 23 मार्च से फिर बदलेगा मौसम

14 मार्च से ही भोपाल में मौसम बदला हुआ है। तेज आंधी चलने के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। सोमवार को बादल छाए रहे और दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 21 और 22 मार्च को बारिश के आसार नहीं है। सिस्टम लौटने की वजह से आसमान साफ रहेगा, लेकिन 23 मार्च से फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

### 24 घंटे में कहां - कितनी बारिश

| | |
|---|---|
| शिवपुरी | 0.47 (बारिश इंच में) |
| टीकमगढ़ | 0.47 |
| रायसेन | 0.43 |
| मंडला | 0.35 |
| जबलपुर | 0.27 |
| सागर | 0.25 |
| मलाजखंड | 0.13 |
| नौगांव | 0.11 |
| गुना | 0.09 |
| दतिया | 0.08 |
| इंदौर | 0.07 |
| उमरिया | 0.04 |
| दमोह | 0.03 |
| भोपाल | 0.03 |
| उज्जैन | 0.02 |

# हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ होगा

● दशहरा मैदान पर कल से 30 मार्च तक सबके राम कार्यक्रम का भव्य आयोजन

● पं. प्रदीप मिश्रा, श्री श्री रविशंकर,एवं महंत राजू दास सहित अनेक हस्तियां आएंगी

● बंगाल के 60 कलाकारों ने बनाई 120 फीट ऊंची रामललला के मंदिर की प्रतिकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दशहरा मैदान स्थित अवध लोक पर 22 से 30 मार्च तक जन जन के आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर आयोजित सबके राम कार्यक्रम में अनेक दिव्य आयोजन होंगे। बंगाल से आए 60 कलाकारों ने यहां करीब 25 हजार वर्गफुट में अयोध्या में बन रहे भव्य रामलला के मंदिर की 120 फीट ऊंची प्रतिकृति का निर्माण किया है, जिसके दर्शन प्रतिदिन सुबह 7 से रात 11 बजे तक अयोध्या से लाई गई पवित्र रज एवं सरयू नदी के पावन जल के साथ होंगे। इसी तरह 108 कुंडीय राम जानकी सर्व विजय महायज्ञ का दिव्य अनुष्ठान भी 151 विद्वान आचायों के निर्देशन में होगा। अब तक 500 से अधिक यजमान युगल इस महायज्ञ में आहुतियां समर्पित करने हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं। महोत्सव में 23 मार्च को अयोध्या के हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज, 26-27 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु श्री श्री रविशंकर एवं 22 मार्च को सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा सहित अनेक विभूतियां आएंगी।

सबके राम लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने आज पत्रकारों को ह्यअवध लोक ह्य में निर्मित यज्ञशाला, अयोध्या के भव्य रामलला मंदिर एवं अन्य तैयारियों का अवलोकन कराते हुए बताया कि 22 मार्च को सुबह 10 बजे हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयघोष, 151 फीट ऊंची गुड़ी के पूजन एवं तदपश्चात राम जानकी सर्व विजय महायज्ञ तथा बंगाल के कलाकारों द्वारा एक माह के लगातार परिश्रम के बाद निर्मित अयोध्या के भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति के दर्शनों के साथ होगा। अयोध्या की पवित्र माटी एवं सरयू नदी के पवित्र जल के दर्शन भी यहां आम श्रद्धालु सुबह 7 से रात 11 बजे तक कर सकेंगे।

मालवा के तपोनिष्ठ आचार्य पं. माधव रामानुज शास्त्री के आचार्यत्व में 108 कुंडीय राम जानकी सर्व विजय महायज्ञ का शुभारंभ भी 22 मार्च को सुबह हो जाएगा। इसमें अब तक 500 से अधिक युगलों ने अपने पंजीयन करा लिए हैं या प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक होगा। महायज्ञ में गुरुकुलों से जुड़े 151 विद्वान आचार्य भी शामिल होंगे। यहा शाला में चारों वेदों के नाम पर चार प्रवेश द्वार, दसों दिशाओं के सूचक संकेतक एवं मां नवदुर्गा की स्थापना भी होगी। प्रत्येक कुंड पर सुपारी के गणेशजी की प्रतिमा भी स्थापित होगी। महायज्ञ की पूणार्हुति पर यज्ञ में शामिल सभी भक्तों को राम जानकी सर्व विजय मंत्र भेंट किए जाएंगे।

# चैत्र नवरात्र के लिए सजने लगे मां के दरबार

## आदिशक्ति की आराधना की तैयारियां अंतिम चरण में

● इस बार तीन सर्वार्थ सिद्धि, तीन रवि योग, दो अमृत सिद्धि योग, और दो राजयोग बनेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आदिशक्ति की आराधना के लिये देवी मंदिर सजने लगे हैं। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों पर तैयारियां शुरू हो गईं हैं। मंदिर के गर्भगृह से लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन शुरू हो गया। नवरात्रि पर दुर्गा सप्तशती का पाठ भी प्रमुख मंदिरों में किया जाएगा।**

नवरात्रि में बन रहे शुभ योग चैत्र नवरात्र में अबकी बार पूरे नौ दिनों की नवरात्र होगी। नवरात्रि के दौरान तीन सर्वार्थ सिद्धि योग 23 मार्च, 27 मार्च, 30 मार्च को लगेगा। जबकि अमृत सिद्धि योग 27 और 30 मार्च को लगेगा। रवि योग 24 मार्च, 26 मार्च और 29 मार्च को लगेगा और नवरत्रि के अंतिम दिन रामनवमी के दिन गुरु पुष्य योग भी रहेगा।

### चैत्र नवरात्रि घटस्थापना शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि बुधवार, 22 मार्च से शुरू हो रहे हैं। चैत्र नवरात्र घटस्थापना के मुहूर्त की शुरूआत 22 मार्च को सुबह 06 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 07 बजकर 32 मिनट तक (अवधि 01 घंटा 09 मिनट) रहेगी चैत्र नवरात्र प्रतिपदा तिथि 21 मार्च को रात 10 बजकर 52 मिनट से शुरू हो रही है और प्रतिपदा तिथि का समापन 22 मार्च को रात 08 बजकर 20 मिनट पर होगा।

### पुष्य नक्षत्र का संयोग

- तीन सर्वार्थ सिद्धि
- तीन रवि योग
- दो अमृत सिद्धि योग
- दो राजयोग
- गुरु पुष्य नक्षत्र

### 9 दिन होगी माता की आराधना

माता की आराधना का पर्व नवरात्रि इस बार 22 मार्च से शुरू हो रही है, इसी दिन से भारतीय नववर्ष यानी नवसंवत्सर भी प्रारंभ हो जाएगा। इस बार तिथियों की घट बढ़ नहीं होने के कारण पूरे 9 दिन ही माता की आराधना की जाएगी। दुर्गा सप्तशती के मुताबिक बुधवार को शुरू होने से माता का आगमन नौका से होगा, जो फसल, धन.धान्य और विकास के लिए लाभकारी रहेगा। पंडित अखिलेश गौतम ने बताया, चैत्र नवरात्र में इस बार तीन सर्वार्थ सिद्धि, तीन रवि योग, दो अमृत सिद्धि योग, दो राजयोग और गुरु पुष्य नक्षत्र का संयोग भी बनेगा। नवरात्र में पड़ रहे शुभ योगों में खरीदारी फलदायक रहेगी। इस दौरान घरों और मंदिरों में देवी मां की विशेष पूजा.अर्चना होगी। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मातारानी के दर्शनों को पहुंचेंगे।

### ऐसे चलेंगे धार्मिक आयोजन

- 22 मार्च को गुड़ी पड़वा
- 23 को सिंधारा दूज
- 24 को गणगौर तीज
- 25 मार्च को विनायक चतुर्थी
- 29 को महाअष्टमी
- 30 मार्च को श्रीराम नवमी

## आईडीए ने फ्री होल्ड के 101 प्रकरणों का किया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** विकास प्राधिकरण की सम्पत्तियों के फ्री होल्ड से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु शिविर प्रारंभ किया गया। 24 मार्च तक चलने वाले शिविर में प्रथम दिन 101 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिससे प्राधिकरण को रुपए 2,55,83,557 / - राजस्व की प्राप्ति हुई । प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने बताया कि विगत 8 माह में लगभग 600 फ्री-होल्ड प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिससे आवंटितियों में प्राधिकरण की कार्य प्रणाली को लेकर एक सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ है। इसके पूर्व में नामांतरण, लीज नवीनीकरण, पुनर्जीवित एवं लीजडीड के लगभग 13000 प्रकरणों का निराकरण कर एक रेकार्ड बनाया था ।

## मेरा कर मेरी जिम्मेदारी की तर्ज पर करदाताओं को करे प्रेरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **राजस्व प्रभारी श्री निरंजनसिंह चौहान गुडडु ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त प्रतिभा पाल के निदेर्शानुसार राजस्व वसुली अभियान के तहत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इंदौर नगर निगम द्वारा बकाया कर दाताओं के नाम सार्वजनिक करने के साथ ही बकाया कर नहीं देने वालों की संपत्ति कुर्की और सील करने की कार्रवाई भी जा रही है।**

राजस्व प्रभारी श्री चौहान द्वारा राजस्व विभाग के अफसरों और राजस्व वसूली करने वाली टीम को निर्देश दिए हैं कि कर वसूली करने के लिए कर दाताओं को प्रेरित करते हुए यह बताएं कि उनके द्वारा दिया जाने वाला कर उनकी जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रभारी श्री चौहान ने एक स्लोगन, मेरा कर, मेरी जिम्मेदारी भी दिया है। इसके साथ ही कर दाताओं के यहां जाने वाली टीमों से कहा है कि कर दाता से किसी भी तरह की अभद्रता न करें। कर दाताओं को कर चुकाने के लिए प्रेरित करें और अगर लगातार नोटिस देने के बाद कोई कर नहीं चुका रहा है तो उस पर नियमानुसार सील करने और कुर्की करने की कार्रवाई करें, लेकिन किसी से अभद्रता व्यवहार नही करे।

# बड़ोदरा की डिप्टी मेयर बोली इंदौर अद्भुत शहर है

● गुजरात के वडोदरा नगर निगम के उपमहापौर व प्रतिनिधि मंडल ने देखा इंदौर का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता में छटी बार नंबर वन इंदौर शहर की स्वच्छता एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को देखने के लिए देश के विभिन्न प्रदेश/शहर के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी आ रहे है, इसी क्रम में वडोदरा नगर निगम के उप महापौर श्रीमती नंदबेन जोशी, स्थायी समिति के सदस्य डॉ. शीतल मिस्त्री, श्री मनोज पटेल, श्री अजीत दाधीच, श्रीमती स्नेहल पटेल, श्रीमती रश्मिका वाघेला, श्री रंग आयरे और पार्षद श्री आशीष जोशी, श्री घनश्याम पटेल और नगरपालिका सचिव श्री चिंतन देसाई और कार्यकारी अभियंता श्री धर्मेश राणा और श्री कश्यप शाह; वार्ड अधिकारी श्री रितेश सोलंकी के 13 सदस्सीय दल द्वारा आज इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के तहत शहर के विभिन्न स्थानो का अवलोकन किया गया।**

इसके साथ ही वडोदरा उपमहापौर व 13 सदस्यीय दल द्वारा महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा महापौर सभाकक्ष में सौजन्य भेंट की गई। इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव द्वारा देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आने पर सभी का स्वागत करते हुए, इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट व विगत दिनो जारी किये गये ग्रीन बाण्ड के बारे में जानकारी दी गई।

इस पर वडोदरा उपमहापौर श्रीमती नंदबेन जोशी ने कहा कि इंदौर के स्वच्छता अभियान के बारे में हम विगत कई वर्षो से सुन रहे थे, किंतु आज हमने इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट को देखा और मेरे परिचित जो कि इंदौर में निवासरत है उन्होने मुझे बताया कि इंदौर पर रंगपंचमी पर निकलने वाले गैर समारोह के दौरान लाखो की संख्या में जहां पब्लिक मौजूद होकर एकसाथ गैर का आनंद ले रही थी, उसी गैर की समाप्ति के ठीक 1 घंटे के अंदर ही पुरे गैर मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाकर पुनः साफ व स्वच्छ कर दिया गया, यह सुन कर आश्यर्च चकित हुए कि जहां पर कुछ देर पहले इतनी जनता थी और कचरा व गंदगी फैली हुई थी, वहां पर इतने कम समय अभियान चलाकर इंदौर नगर निगम ने यह कर दिखाया कि ऐसे ही इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर नही है, इंदौर का स्वच्छता अभियान अदभुत है।

## आर ई - 2 से प्रभावित हो रहे नागरिकों के हितों का संरक्षण करेंगे

● रहवासियों के साथ बैठक में पूर्व विधायक पटेल का ऐलान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के द्वारा बनाई जाने वाली आर ई - 2 सड़क से प्रभावित होने वाले नागरिकों के हितों का संरक्षण किया जाएगा । इन नागरिकों को सरकारी ज्यादती का शिकार नहीं होने दिया जाएगा ।

यह बात पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने अपने कार्यालय पर मिलने के लिए आए एक तरफ से प्रभावित होने वाले नागरिकों से चर्चा करते हुए कही। यह सड़क पिपलियाहाना काकड़ के पास से नए आरटीओ कार्यालय नायता मुंडला तक जाने वाली है । रहवासियों के द्वारा पूर्व विधायक पटेल को बताया गया कि इस सड़क के लिए नगर निगम के द्वारा हर दिन अनाउंसमेंट करके दबाव बनाया जा रहा है । इस सड़क से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 41,50 और 51 के 250 परिवार प्रभावित हो रहे हैं । इन परिवारों के सदस्य ही श्री पटेल से मिलने आए थे । रहवासियों की पीड़ा को समझते हुए पटेल ने ऐलान किया कि किसी भी नागरिक के साथ जादू ही नहीं होने दी जाएगी । जो नागरिक इस सड़क से प्रभावित हो रहे हैं उन नागरिकों को उनका अधिकार दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा । इस मामले को लेकर आने वाले दिनों में कलेक्टर तथा नगर निगम कमिश्नर से सीधा संवाद किया जाएगा । रहवासियों के हित का संरक्षण ही हमारा उद्देश्य है ।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

# ओलावृष्टि के कारण फसल बर्बाद होने के सदमे में किसान की मौत, जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन। फसल बर्बाद होने के कारण सदमे से किसान हरप्रसाद लोधी (60) की मौत की जिला प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। सिलवानी थाना क्षेत्र के ग्राम पहरिया निवासी हरप्रसाद लोधी के आठ एकड़ खेत में गेहूं व चना की फसल लगी है।**

शुक्रवार-शनिवार की रात हुई ओलावृष्टि के कारण उनकी फसल को काफी नुकसान हुआ। परिजनों का कहना है कि शनिवार की रात वे सोए तो फिर नहीं उठे। उनके पुत्र तेजराम लोधी ने बताया कि पिता को फसल बर्बाद होने का सदमा लगा था।

परिजनों की मानें तो ओलावृष्टि से उनके खेत में फसलों के नुकसान का वीडियो शनिवार को दोपहर में बनाया गया था। उसके बाद से वह काफी उदास व बेचैन हो गए थे। किसान की मौत की जानकारी लगते ही कलेक्टर अरविंद दुबे पहरिया पहुंचे और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

कलेक्टर दुबे ने बताया कि किसान की मौत के मामले की जांच कराई जा रही है। शासन की ओर से किसान के परिवार को हरसंभव मदद की जाएगी। ओलावृष्टि व बेमौसम वर्षा का दौर जारी है। एक-दो दिन बाद फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जाएगा। फसल नुकसानी का जो भी आकलन होगा, उस हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा।

# अब नर्मदा नदी में दौड़ेगा रेलवे का दिया हुआ तैरता अस्पताल, 37 गांवों के लोगों को होगा लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डही । जल्द ही नर्मदा में रेलवे की ओर से दी हुई जल एंबुलेंस यानी तैरता हुआ अस्पताल दौड़ लगाएगा। यह जल एंबुलेंस पेट्रोल इंजन से ताकतवर है। साथ ही इसमें कई नई सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।**

खास बात यह है कि यह जल एंबुलेंस सोलर ऊर्जा से भी चलाई जा सकेगी। इस जल एंबुलेंस में रफ्तार अधिक होने से मरीजों को फायदा मिल सकेगा। जल एंबुलेंस पूरी तरह से हाईटेक बनाई गई है। रेलवे के संस्थान आइआरसीटीसी ने इस जल एंबुलेंस को नर्मदा समग्र को भेंट की है। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री ने किया जल एंबुलेंस का लोकार्पण किया।

उल्लेखनीय है कि नर्मदा समग्र द्वारा गत 15 वर्षों से नर्मदा में तैरते हुए अस्पताल यानी बोट का संचालन किया जा रहा है। इसकी नींव तत्कालीन राज्यसभा सदस्य अनिल माधव दवे द्वारा रखी गई थी। उनके निधन के बाद भी यह सुविधा बंद नहीं हुई है और इसका लगातार संचालन जारी है। इससे नर्मदा पट्टी से लगे गांवों के मरीज जिनके लिए सड़कों के कोई साधन उपलब्ध नहीं है और उन्हें शहर कस्बों के अस्पताल पहुंचने में काफी मशक्कत उठानी पड़ती है। ऐसे में उनका उपचार नर्मदा किनारे ही इस तैरते हुए जल अस्पताल में उपलब्ध डाक्टरों द्वारा कर दिया जाता है।

## चार जिलों के 37 ग्राम के लोगों की कर रहे हैं सेवा

मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात तीन प्रांत के चार जिलों के आने वाले 37 ग्रामों के आदिवासी समुदाय के साथ दूरदराज के कई लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित है। उन लोगों की सेवा को लेकर पानी में चलने वाले चिकित्सालय के माध्यम से नर्मदा समग्र द्वारा निश्शुल्क स्वास्थ्य सेवा दी जा रही है।

मप्र के धार जिले के डही क्षेत्र तथा बड़वानी के आठ-आठ गांव, आलीराजपुर जिले के 12 गांव तथा महाराष्ट्र प्रांत के नंदुरबार जिले के आठ गांव सहित गुजरात प्रांत का एक गांव मिलाकर 37 गांव में संस्था सेवा देती आ रही है। ज्ञात रहे कि इन ग्रामों में जलमार्ग ही एकमात्र विकल्प है। स्व. अनिल माधव दवे ने नर्मदा परिक्रमा के दौरान उन्हें संकट में देखा और सेवा प्रकल्प को प्रारंभ किया, जो आज भी निरंतर जारी है।

# चंबल में डूबे सभी 7 श्रद्धालुओं के शव मिले

● 17 पदयात्री नदी पार कर राजस्थान के कैला देवी मंदिर जा रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सबलगढ़। सबलगढ़ चंबल नदी के राड़ी राधेंन घाट पर केला देवी जाते समय डूबे 7 दर्शनार्थियों के शव मिल चुके हैं। आज सुबह 7:30 बजे 20 मार्च को बृजमोहन पुत्र पप्पू कुशवाहा की बॉडी मिली थी। अब रेस्क्यू टीम ने लवकुश कुशवाहा की बॉडी को भी ढूंढ लिया है। घटना शनिवार को मुरैना, श्योपुर और राजस्थान के बॉर्डर के बीच हुई। श्रद्धालुओं के जत्थे में 17 लोग थे। 10 लोग सुरक्षित हैं।**

चंबल नदी में शुक्रवार 18 मार्च को सुबह 8:00 बजे कोलारस शिवपुरी क्षेत्र के 17 दर्शनार्थी थाह होने के आधार पर चंबल नदी को पार कर रहे थे। अचानक सामने गड्ढा होने से संतुलन बिगड़ गया, जिसमें सभी लोग बह गए। 10 दर्शनार्थी सकुशल वापस निकल आए। 7 दर्शनार्थियों के नहीं मिलने से प्रशासन ने रेस्क्यू शुरू किया था। जिला व स्थानीय राजस्व प्रशासन व पुलिस ने रेस्क्यू में एनडीआरएफ एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर टीम को लगा दिया।

स्थानीय लोगों ने देवकीनंदन और कलिया की बॉडी चंबल नदी से 18 मार्च को दोपहर 2:00 बजे ही निकाल ली थी। जिला कलेक्टर अंकित अस्थाना और एडिशनल एसपी राय सिंह नरवरिया ने स्थानीय राजस्व और पुलिस प्रशासन को रेस्क्यू करने में लगा दिया। स्थानीय गोताखोरों ने 19 मार्च की सुबह करीब 7:00 बजे अलोपा पत्नी देवकीनंदन कुशवाह की बॉडी को निकाला गया। उसके बाद शाम 4:00 बजे रश्मि पत्नी सुनील कुशवाह और शाम 6:30 बजे रुकमणी पत्नी दीपक कुशवाह की भी बॉडी मिल गई थी।

## लव कुश कुशवाहा का शव बरामद

आज 20 मार्च की सुबह 7:30 बजे बृजमोहन पुत्र पप्पू कुशवाहा की बॉडी मिली। इस तरह कोलारस के चंबल नदी में लापता सभी 7 दर्शनार्थियों की बॉडी मिल चुकी है। लव कुश कुशवाहा के भी शव को बरामद कर लिया गया है। स्थानीय राजस्व पुलिस प्रशासन रेस्क्यू टीम के साथ कड़ी मेहनत कर रही थी।

# 10वीं-12वीं के माडल पेपर बेचने के मामले में तीसरी गिरफ्तारी खंडवा से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । प्रदेश में माडल पेपर बनाकर टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से छात्रों को बेचने वालों पर क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है। क्राइम ब्रांच ने लगातार तीसरे दिन तीसरी गिरफ्तारी खंडवा से की है। यह आरोपित भी माडल पेपर बनाकर छात्रों को टेलीग्राम पर बेचता था। तीनों आरोपितों को क्राइम ब्रांच एक साथ बैठाकर पूछताछ करेगी। फिलहाल इनकी गिरफ्तारी के बाद और भी गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है। बता दें कि 10वीं-12वीं के गेस पेपर (परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्न) इंटरनेट मीडिया पर बेचने वाले आरोपित कमलेश गुर्जर पिता रामू गुर्जर को क्राइम ब्रांच ने खंडवा के पांधना से गिरफ्तार किया है। उसने करीब 100 छात्रों को इंटरनेट मीडिया माडल पेपर भेजा था।

## दो पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

खंडवा से गिरफ्तार किए गए आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने दूसरे इंटरनेट मीडिया ग्रुप से गेस पेपर निकाले थे। इन पेपरों को इंटरनेट मीडिया के दूसरे ग्रुप में डाल दिया था। इसमें कहा गया कि पेपर खरीदना है, तो एक हजार रुपये क्यूआर कोड पर पेमेंट कर देना। करीब 100 छात्रों ने पेमेंट कर पेपर ले लिए। गौरतलब है कि क्राइम ब्रांच ने एक दिन पहले शनिवार को मंडीदीप, रायसेन निवासी कौशिक दुबे को भी गेस पेपर बेचने के मामले में गिरफ्तार किया था। क्राइम ब्रांच अभी तक मूल पेपर लीक करने वाले आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है।

# वेयरहाउस के मैनेजर ने किया हेरफेर, चने में पानी डालकर बढ़ा लिया वजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर । मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लाजिंग के आष्टा वेयर हाउस में रखे नेफेड के हजारों क्विंटल चना में वेयर हाउस मैनेजर धर्मेन्द्र परमार ने टैंकर से पानी का छिड़काव करवाकर वजन बढ़ा लिया।**

इस संबंध में एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने बताया कि मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लाजिंग के वेयरहाउस में नेफेड का चना रखा है। उसमें टैंकर से पानी डालने की जानकारी मिलने पर मिली तो तत्काल नायब तहसीलदार अतुल शर्मा, खाद्य निरीक्षक रेशमा भामोर व मार्कफेड के प्रबंधक मनोज धनगर से जांच कराई।

उन्होंने जांच में पाया कि दो ट्रकों में चना भरा हुआ था, उसे रोककर एक ट्रक में से 70 बोरी तथा दूसरे में से 60 बोरी निकलवा कर तोल करवाई तो वजन का अंतर आया। जब खरीदी की गई थी तो चने का वजन 50 किलो 600 ग्राम मय कट्टी के था, लेकिन जांच के दौरान 54 किलो तक वजन निकला है। वेयरहाउस के प्रबंधक धर्मेंद्र परमार पिता बद्री प्रसाद परमार ने अपने कर्मचारियों के साथ शासन के रखे हुए चने में हेरफेर की है। जांच टीम ने प्रबंधक धर्मेंद्र परमार तथा टैंकर चालक राहुल पिता जसवंत मेवाड़ा, दैनिक वेतन भोगी शेखर पिता हरिप्रसाद मालवीय के कथन भी लिए। गोदाम क्रमांक 15 में चने पर पानी छिड़कना भी पाया गया है। राजावत ने कहा कि कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा जा रहा है।

# प्रदेश में 12 साल में 190 पुलिसकर्मियों पर दुष्कर्म के आरोप लगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्य प्रदेश पुलिस में 190 कर्मी और अधिकारियों पर दुष्कर्म के आरोप लगे। इसमें सबसे ज्यादा मामले ग्वालियर जिले के है। इसमें आरक्षक से लेकर अधिकारी तक शामिल है।कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के सवाल के जवाब में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने विधानसभा में लिखित जानकारी दी। इसके अनुसार इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर के 64 पुलिसकर्मियों पर दुष्कर्म के आरोप लगे है। इनमें सबसे ज्यादा मामले ग्वालियर में 28 है। भोपाल में 15 केस दर्ज किए गए। इसमें सबसे ज्यादा कमला नगर थाने में सबसे ज्यादा 9 केस दर्ज हुए। इसमें चार में आरोपी दोषमुक्त हो गए। वहीं, बाकी मामले विचाराधीन है। इसके अलावा टीटी नगर थाने में दो, ऐशबाग, अशोका गार्डन, मिसरोद और हनुमानगंज थाने में एक-एक पुलिसकर्मी पर केस दर्ज किया गया। इंदौर में 15 और जबलपुर में 6 केस दर्ज हुए है। इनमें से कुछ मामले में आरोपी दोष मुक्त भी हो चुके हैं।वहीं, प्रदेश में वर्ष 2010 से 2022 के बीच 45 एनकाउंटर हुए हैं। इनमें से 42 एनकाउंटर सिर्फ ग्वालियर जिले के हैं। इसी अवधि में हवालात में 13 मौत हुई है।

## 62 डॉक्टर लोकायुक्त - ईओडब्ल्यू में फंसे

प्रदेश के मेडिकल कॉलेज के 62 डॉक्टरों की शिकायत लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू को की गई है। इसमें 26 शिकायत लोकायुक्त और 36 ईओडब्ल्यू को गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने जानारी दी कि लोक अभियोजन के दो प्रकरण पेंडिंग है। इसमें सुल्तानिया महिला चिकित्सालय के तत्कालीन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज बेदी और रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अलख प्रकाश शामिल है।

# गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी के ट्वीट पर किया पलटवार

● ओलावृष्टि पर बोले हम सभी खुद किसानों के बीच गए, सरकार किसानों के साथ खड़ी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी के ट्वीट पर किया पलटवार। उन्होंने कहा कि हम उन्हे राहुल गांधी ही समझते है, जो टुकड़े टुकड़े गैंग का साथ देते है जो विदेशों में देश का अपमान करते है। राहुल गांधी ने किया था ट्वीट, सावरकर समझा है क्या? नरोत्तम मिश्रा ने मंत्री को धमकाने पर दिग्विजय सिंह पर बोले,वे सुर्खियों में बने रहने के लिए यह करते है, इनको कोई अड़ीबाजी कह दे तो बुरा मान जाते हैं। ओलावृष्टि पर बोले हम सभी खुद किसानों के बीच गए कमलनाथ व दिग्विजय सिंह एक जगह बता दे जहां वो गए हो सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

लोकतंत्र बचाओ दिवस पर बोले, उन्हे माफी दिवस मनाना चाहिए आप संगठन को नही संभाल पाए इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओ से माफी मांगनी चहिए। सरकार के तीन साल पूरे होने पर बोले हमारी सरकार ने कोरोना काल होने के बाद भी मजदूर किसानों को दिक्कत नही होने दिया आज भी लाड़ली बहना योजना शुरू कर महिलाओ के लिए काम किया हैं।

# संपादकीय

## उठ रहे सवाल

अच्छी बात है कि अमृतपाल के पचहत्तर से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है और कुछ खतरनाक माने जाने वाले समर्थकों को असम की जेल में भेज दिया गया है। पुलिस अभी और लोगों की तलाश में जुटी है। इससे 'वारिस पंजाब दे' के जरिए खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर कुछ लगाम लग सकेगी। दरअसल खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का पुलिस घेरे से निकल भागना कई सवाल खड़े करता है। पुलिस ने उसे पकड़ने का बहुत चुस्त बंदोबस्त कर रख था, उसमें वह उसके पास तक पहुंचने में कामयाब भी रही। अमृतपाल के कुछ सहयोगी तो पकड़े गए, मगर वह खुद फरार होने में कामयाब हो गया। बताया जा रहा है कि जब पुलिस उस तक पहुंचने ही वाली थी कि वह अपनी गाड़ी से निकल कर दूसरी गाड़ी में बैठा और पुलिस घेरे से निकल भागा। हालांकि पंजाब पुलिस के इस खोज अभियान की तारीफ की जानी चाहिए कि उसमें किसी तरह की हिंसा नहीं हुई और वह अमृतपाल के सहयोगियों को सहज ढंग से पकड़ पाई। मगर इस अभियान में जिस मुख्य व्यक्ति की तलाश थी, वह कैसे भाग निकला, इसका जवाब तो उसे देना होगा। अमृतपाल खुलेआम 'वारिस पंजाब दे' नाम का संगठन बना कर अलग खालिस्तान के लिए लोगों को उकसा रहा था। पंजाब में उसके बढ़ते प्रभाव का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले महीने जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो हथियारों से लैस बड़ी संख्या में उसके समर्थकों ने अजनाला थाने पर हमला कर दिया और उस गिरफ्तार व्यक्ति को बाहर निकाल लिया। अजनाला की घटना के बाद से ही पंजाब पुलिस अमृतपाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रही थी, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसमें दखल दी और उसकी गिरफ्तारी की योजना बनी। आशंका थी कि अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़कों पर उतर कर उपद्रव शुरू कर देंगे, जिसे संभालना मुश्किल होगा। दरअसल, अमृतपाल गुरु ग्रंथ साहिब की आड़ लेकर अपने आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है, इस वजह से सिख समुदाय के लोगों को भावनात्मक रूप से अपने साथ जोड़ने में कामयाब हो पाया है। मगर पंजाब की बड़ी आबादी किसी भी रूप में फिर से अलगाववादी गतिविधियों को सिर उठाते नहीं देखना चाहती। अमृतपाल की गतिविधियों को किसी भी रूप में आंदोलन नहीं कहा जा सकता, वह अलगाववाद को उकसा रहा है। पंजाब पहले ही इस आग में बुरी तरह झुलस चुका है। मगर अमृतपाल जैसे लोग इसलिए पंजाब में इस चिनगारी को हवा देने में कामयाब होते रहे हैं कि उन पर ठीक से शिकंजा नहीं कसा जा सका। जबसे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, अलगाववादी ताकतों ने खुल कर अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है। इसलिए स्वाभाविक ही पंजाब की नई सरकार पर अंगुलियां उठ रही हैं।

*Health is Wealth*

# अंगूर खाने के फायदे ही नहीं हो सकते हैं बड़े नुकसान

## जानें एक दिन में कितना खाना सही



**खट्टे-मीठे स्वाद वाले अंगूर खाना लोगों को खूब पसंद होता है। अंगूर में कई तरह के एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और मिनरल्स होते हैं। ऐसे में इसके कई तरह के फायदे होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर इसे गलत मात्रा में खाया जाए तो इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। अगर आपको ये फल खाना पसंद है तो आपको इससे जुड़े नुकसान को भी जानना चाहिए। यहां जानिए अंगूर के साइड इफेक्ट्स और इसे कितनी मात्रा में खाना सही है।**

### पेट में हो सकता है दर्द

अंगूर में सैलिसिलिक एसिड होता है, जिसकी वजह से कुछ लोगों को पाचन संबंधी परेशानी हो सकती हैं। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो अंगूर के बीज खाने वाले व्यक्तियों ने एपेंडिसाइटिस का अनुभव किया। अधपके बीज या फलों के अवशेष भी पेट दर्द का कारण बन सकते हैं। अगर आपको इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम है तो भी अंगूर की समस्या हो सकती है।

### डायरिया की हो सकती है परेशानी

अंगूर में शक्कर की मात्रा ज्यादा होती है और ज्यादा शक्कर वाली चीजें खाने से दस्त हो सकते हैं। इसके अलावा, अंगूर अघुलनशील फाइबर से भरपूर होते हैं और इनकी ज्यादा मात्रा से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। जिससे दस्त या कब्ज हो सकता है।

### वजन का बढ़ना

अंगूर ज्यादा खाने से वजन बढ़ सकता है। हालांकि, ये फाइबर से भरे होते हैं और इनमें कम कैलोरी होती है। इसमें शक्कर की मात्रा ज्यादा होती है इसलिए अगर सीमित मात्रा में ना खाया जाए तो ब्लड शुगर के लेवल में भी वृद्धि हो सकती है। इसके ज्यादा फायदे लेने के लिए हमेशा सीमित मात्रा में अंगूर खाने की सलाह दी जाती है।

### एलर्जी

अंगूर ज्यादा खाने से कुछ एलर्जी ट्रिगर हो सकती हैं। अंगूर में मौजूद एक खास प्रोटीन एलर्जिक रिएक्शन के लिए जिम्मेदार होता है। कई लोगों में अपनी त्वचा पर लाल धब्बे या खराब सिरदर्द, उल्टी और सांस लेने में कठिनाई के कारण गंभीर मामलों में एनाफिलेक्टिक से एलर्जी हो सकती है।

### एक दिन में कितने अंगूर खा सकते हैं?

- रिपोर्ट्स की मानें तो एक दिन में लगभग एक कटोरी अंगूर खाए जा सकते हैं, जिसमें तीस से चालीस अंगूर होते हैं। लेकिन इससे ज्यादा खाने पर नुकसान हो सकता है।
- क्या मैं खाली पेट अंगूर खा सकता हूँ?
- आप अंगूर खाली पेट खा सकते हैं। अंगूर पोषक तत्वों और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। इसी के साथ ये ग्लाइसेमिक इंडेक्स में कम होते हैं।

## Highlights

1. **Action initiated against Punjab ex-DGP over PM security breach**
2. **US report says India witnessed 'significant human rights issues' in 2022**
3. **Can't confirm: US on providing real-time intelligence to India to tackle China last year**
4. **Which are the world's most expensive cities for business travel?**
5. **Russian cruise missiles destroyed in Crimea blast: Ukraine**
6. **Jose said 'What the f*** you looking at' in row with Lazio owner**
7. **Ferrari hit by cyberattack for ransom, client details exposed**
8. **Samsung wins trademark trial over use of 'S10' for phones in US**

# Aadhaar deactivation for a deceased person soon: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** The Registrar General of India had asked UIDAI for feedback on draft amendments to the Registration of Birth and Death Act, 1969, to include the deceased person's Aadhaar number when issuing a death certificate.

The Unique Identification Authority of India (UIDAI) and the Registrar General of India will soon roll out a mechanism to deactivate a deceased person's Aadhaar card, according to a ToI report.

The report further stated that the mechanism will be implemented in collaboration with state governments. The initiative will necessitate family members sharing information about the deceased person, and the Aadhaar will only be deactivated with their permission.

The move comes after the UIDAI implemented the scheme of assigning Aadhaar numbers along with birth certificates. So far, more than 20 states have implemented the scheme, which is expected to be expanded in the near future. There is currently no mechanism in place to




deactivate Aadhaar even in the event of a person's death.

Previously, the Registrar General of India had asked UIDAI for feedback on draft amendments to the Registration of Birth and Death Act, 1969, in order to include the deceased person's Aadhaar number when issuing a death certificate.

According to the Aadhaar Enrolment and Update Regulations, 2016, Aadhaar number holders may update their supporting documents in Aadhaar at least once every 10 years from the date of enrolment for Aadhaar, by submitting proof of identity (POI) and proof of address (POA) documents, to ensure the continued accuracy of their information. UIDAI stated that this "improves better service delivery and increases authentication success rate" because it is used to dispatch a number of government schemes.

The UIDAI recently announced that the offer to update Aadhaar details for free would be available for three months, beginning March 15, 2023, and ending June 14, 2023. The nodal agency overlooking the Aadhaar management in the country, clarified "this service is free only on 'myAadhaar' portal and will continue to attract a fee of ₹50 at physical Aadhaar centres, like previously".

# UK PM Sunak trusts UK Banking system safe despite Credit Suisse collapse

**NEW DEIHI, (Agency).** Prime Minister Rishi Sunak believes the UK's banking system remains safe from contagion in the wake of the collapse of Swiss giant Credit Suisse.

"We do believe we have a robust system, a strong system," Sunak's official spokesman Max Blain told reporters on Monday.

UK banks are "safe and well-capitalized," Blain said, adding that Sunak has faith in the country's "strong regulatory system."

"We have taken a number of steps over the past 15 years to



strengthen the system," he said.

The issue is largely a matter for the Bank of England, but Sunak is getting regular updates and has been in touch with the Swiss president, Blain said.

## Delhi NCR

# चरित्र पर शक और मकान पर नीयत, बहन की हत्या में दो सगे भाई गिरफ्तार, जीजा को फंसाने का था प्लान

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी) ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र में एक सप्ताह पहले हिंडन नदी में बरामद महिला के शव के मामले का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, सगे भाइयों ने ही अपमानित महसूस होने और मकान पर कब्जे के लिए बहन की गला दबाकर हत्या कर दी थी और फिर शव को कार में ले जाकर हिंडन नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्यारोपी दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**



डीसीपी सेंट्रल नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि 13 मार्च को बिसरख के पास नदी में एक महिला का शव बरामद हुआ था। प्रथमदृष्टया हत्या का मामला लग रहा था। जांच के दौरान सूरजपुर कोतवाली में सरताज निवासी ग्राम ककराला नोएडा ने बहन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सरताज ने आशंका व्यक्त की थी कि जो शव मिला है, वह उसकी बहन नजमा का हो सकता है। सरताज और अन्य परिजनों ने शव की शिनाख्त नजमा के रूप में की। डीसीपी ने बताया कि परिजनों से सख्ती से पूछताछ करने पर हत्याकांड का खुलासा हो गया।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि नजमा शादीशुदा थी। वैवाहिक विवाद के चलते वह पति से अलग रह रही थी। उसने पति के खिलाफ मारपीट, परेशान करने का मुकदमा भी दर्ज कराया हुआ था। पुलिस के अनुसार, डर की वजह से नजमा का पति गाजियाबाद के मसूरी में जाकर रहने लगा। वह कबाड़ी का काम करता है। पुलिस के मुताबिक, आठ मार्च की रात महिला के भाई शाहरुख और सरताज ने मिलकर नजमा की हत्या कर दी।

## Jharkhand

# झारखंड में मिले हांगकांग फ्लू के 3 मरीज, कोरोना संक्रमितों की संख्या 16 तक पहुंची

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड में हांगकांग फ्लू (एच-3 एन-2) और कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। सोमवार को हांगकांग फ्लू के तीन और मरीज मिले। तीनों जमशेदपुर के हैं। उधर, सोमवार को कोरोना के भी 5 संक्रमित मिले। इनमें 4 जमशेदपुर के हैं। देवघर में भी 1 संक्रमित मिला है। राज्य में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या अब 16 पर पहुंच गई। करीब 110 दिन बाद कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या दहाई पार पहुंची है।

जमशेदपुर से मिली जानकारी के अनुसार हांगकांग फ्लू के नए संक्रमितों में एक बुजुर्ग और 7-8 साल के 2 बच्चे शामिल हैं। तीनों का इलाज टीएमएच में चल रहा है। सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी का कहना है कि मरीजों पर नजर रखी जा रही है। बता दें कि 18 मार्च को जमशेदपुर में एक वृद्धा और एक बच्चा हांगकांग फ्लू से संक्रमित मिले थे। इस बीच, हांगकांग फ्लू व कोरोना को देख सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक ने राज्य के सभी निजी अस्पताल एवं जांचघर के नोडल अफसरों को इन्फ्लुएंजा ए की जांच अद्यतन रिपोर्ट रोज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कहा है कि इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) की निगरानी के लिए सभी निजी लैब व अस्पताल रोज की रिपोर्ट आईडीएसपी को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## Rajasthan

# राइट टू हेल्थ बिल : सेवारत चिकित्सक संघ ने सीएम को दी चेतावनी, कहा- बिना संशोधन पेश हुआ बिल तो करेंगे आंदोलन

**जयपुर, (एजेंसी) राइट टू हेल्थ बिल का विरोध कर रहे प्राइवेट डॉक्टर्स पर जयपुर में पुलिस लाठीचार्ज पर सरकारी डॉक्टर्स भी आहत हैं। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ ने सीएम गहलोत को पत्र लिखकर न्यायोचित कार्रवाई नहीं होने पर मजबूरन आंदोलन में उतरने की चेतावनी दी है।**

अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण सिंह ओला और महासचिव डॉ. दुर्गाशंकर सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार राइट टू हेल्थ बिल को बिना संशोधन विधानसभा में पेश करती है, तो राज्य के सभी सेवारत चिकित्सक उसी क्षण आंदोलन में शामिल हो जाएंगे। जयपुर गांधीगिरी से प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई करने की सेवारत चिकित्सक संघ मांग करता है।

## Gujrat

# गुजरात में चौकीदार को चोर समझकर पीटा, बचाने की जगह वीडियो बनाते रहे लोग

**अहमदाबाद, (एजेंसी) गुजरात के अहमदाबाद में नेपाली युवक की पीट-पीटकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है. भीड़ ने चौकीदार को चोर समझकर इतना पीटा कि उसकी मौत हो गई. हैरानी की बात यह रही कि आसपास खड़े लोग मारपीट की घटना का वीडियो रिकॉर्ड करते रहे, लेकिन किसी ने भी इंसानियत तक नहीं दिखाई.**



अहमदाबाद में चांगोदर के पास का यह पूरा मामला है. दरअसल, एक नेपाली युवा चांगोदर के इंडस्ट्रियल जोन में बतौर चौकीदार काम करता था. सोमवार रात के वक्त जब वह अपने घर जा रहा था, तब यहां के स्थानीय लोगों ने उसे चोर समझकर इतना पीटा कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई. चांगोदर पुलिस थाना ने बताया कि चौकीदारी करने वाले युवक को चोरी के शक में बेरहमी से पीटा जा रहा था. वहीं, आसपास खड़े लोग मौत का तमाशा भी देखते रहे. यहां तक कि लोग अपने-अपने मोबाइल फोन में पिटते हुए चौकीदार का वीडियो भी रिकॉर्ड करते रहे.

## खेल

# चेन्नई में छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया से वनडे खेलेगा भारत

### ● इस मैदान पर ऐसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड

**चेन्नई, (एजेंसी)** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला बुधवार (22 मार्च) को चेन्नई में खेला जाएगा। टीम इंडिया छह साल बाद एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी। पिछली बार 2017 में दोनों टीमें यहां आमने-सामने हुई थीं। भारत ने तब ऑस्ट्रेलिया को 26 रन से मुकाबले में हरा दिया था। टीम इंडिया इस बार कंगारू टीम को परास्त कर सीरीज को अपने नाम करना चाहेगी।



भारत सीरीज का पहला वनडे मुंबई में पांच विकेट से जीता था। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापट्टनम में वापसी करते हुए 10 विकेट से मुकाबले को अपने नाम कर लिया था। अब तीसरा मैच एक तरह से फाइनल होगा। इसके अलावा भारत घरेलू मैदान पर लगातार आठवीं सीरीज जीतने उतरेगा। उसे पिछली बार 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही 2-3 से हार मिली थी। उसके भारत ने सात सीरीज में जीत हासिल की और एक सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोरोनावायरस के कारण पूरा नहीं हो सका था।

### चेन्नई में कैसा है भारत का रिकॉर्ड

भारत एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहला वनडे नौ अक्तूबर 1987 को खेला था। इस मुकाबले में टीम इंडिया को एक रन से हार मिली थी। चेन्नई में अब तक भारत ने 13 वनडे खेले हैं। वह इस दौरान सात मुकाबलों में जीत हासिल करने में सफल रहा। पांच में हार मिली और एक मैच में नतीजा नहीं निकला। भारतीय टीम 2019 में जब पिछली बार यहां खेली थी तब उसे वेस्टइंडीज ने आठ विकेट से हराया था।

**एमए चिदंबरम स्टेडियम के आंकड़े-** इस मैदान पर टॉस का काफी महत्व है। टॉस जीतने वाली टीमों में 15 मैच जीते हैं। वहीं, हारने वाली टीम को सिर्फ छह में जीत मिली है। यहां सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड एसीसी एशियन इलेवन के नाम दर्ज है, उसने 2007 में अफ्रीका इलेवन के खिलाफ सात विकेट पर 337 रन बनाए थे। वहीं, न्यूनतम स्कोर केन्या का है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 2011 में 69 रनों पर सिमट गई थी। इस मैदान पर व्यक्तिगत उच्चतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के सईद अनवर के नाम दर्ज है। अनवर ने 1997 में भारत के खिलाफ 194 रन बनाए थे।

## सिनेमा

# ऐश्वर्या रजनीकांत के घर से चोरी हुआ 60 तोला सोना

### फिल्ममेकर ने दर्ज कराई FIR



दिग्गज अभिनेता रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत के घर से 60 तोला सोना चोरी हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्या ने टेयनमपेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने एफआईआर में इस बात की जानकारी दी है कि उनके लॉकर से हीरे और सोने के आभूषण गायब हैं। इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने ये भी बताया कि चोरी हुए आभूषणों में डायमंड सेट, पुरानी सोने की ज्वैलरी, नवरत्न सेट, हार और चूड़ियां हैं।

### ● कब हुई चोरी?

टेयनमपेट पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 381 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच भी शुरू कर दी गई है। फिल्ममेकर द्वारा दर्ज कराई गई FIR के अनुसार, ऐश्वर्या ने आखिरी बार इन गहनों का इस्तेमाल साल 2019 में अपनी बहन सौंदर्या की शादी में किया था। इसके बाद उन्होंने इन गहनों को अपने लॉकर में रख दिया। हालांकि, इस साल 10 फरवरी के दिन जब उन्होंने अपना लॉकर खोला तो उन्हें उनके गहने नहीं मिले। ऐश्वर्या ने अपनी एफआईआर में तीन लोगों पर चोरी का शक जताया है।

# जहर खिलाकर महिला की हत्या की कोशिश

## दंपति और बेटे के खिलाफ केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला की हत्या का प्रयास करते हुए दंपति ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसे जबर्दस्ती जहर पिला दिया। गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर, मामले में पुलिस ने आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज किया है।**

मामला सिमरोल थाना क्षेत्र का है। दंपति ने बेटे के साथ मिलकर मां बेटी के साथ मारपीट की और की महिला को जहरीली गोली खिलाकर उसकी जान लेने की कोशिश की और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार दिव्या पिता पिंटू पटेल निवासी लालघाटी सिमरोल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कल दोपहर 3 बजे मेरी मां निर्मला पटेल ने सविता पति मुकेश खंडेलवाल निवासी जुनीं इंदौर को कहा कि तुम मेरे ससुर को अपने घर क्यों रखती हो इसी बात पर सविता ने अपने पति मुकेश खंडेलवाल बेटे हार्दिक और केशव के साथ मिलकर मेरे और मां निर्मला के साथ बेरहमी से मारपीट की और सविता खंडेलवाल ने मेरी मां निर्मला बाई के दोनों हाथ पकड़ लिए फिर केशव ने उनके मुंह में जबरदस्ती जहरीली गोली खिला दी और सभी फरार हो गए। निर्मला बाई को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# स्पीड राडार से जांच कर 31 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्पीड राडार से गोपुर चौराहा से नर्मदापुरम चौराहा रोड पर टीम ने तेज गति से वाहन चलाने वालों की आकस्मिक चैकिंग की इस दौरान 31 वाहन चालक अंध गति से वाहन चलाते हुए पाए गए। उनके चालान बनाए गए। ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी दी है कि तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ शहर के किसी भी इलाके में कभी भी चैकिंग कर चालान बनाए जाएंगे।

सहायक पुलिस आयुक्त अजीत सिंह चौहान के साथ क्यूआरटी.टीम 6 के साथ सोमवार को गोपुर से नर्मदापुरम चौराहा रोड पर अधिकतम गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की। यातायात प्रबंधन पुलिस की कार्यवाही के दौरान 31 वाहनो पर कार्यवाही की गई जिनमे वाहनों के विरुद्ध अधिकतम गति सीमा का उल्लंघन करने पर चालान बनाकर समन शुल्क राशि वसूली गई। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत भी दी है। यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा शहर के अन्य क्षेत्रों में इस तरह की आकस्मिक चेकिंग निरंतर की जाएगी एवं तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर इंटरसेप्टर व्हीकल, स्पीड राडार के द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक पर गोली चलाकर भाग निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र में बीती रात जनसंपर्क यात्रा की समाप्ति के बाद साथियों के साथ खड़े युवक पर बदमाश ने गोली चला दी। गोली युवक के पास से निकली और वह बाल-बाल बच गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज किया है। कनाडिया निवासी संजय पिता बालमुकुंद शर्मा ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ जनसंपर्क यात्रा में हिंगोनिया गांव झलारिया होते हुए ग्राम कनाडिया के भगतसिंह चौक पर रात्रि 10.30 बजे पहुंचा, जहां जनसंपर्क यात्रा समाप्त हुई। इसके बाद अपने दोस्तों देवेंद्र मंडलोई रोहित ठाकुर विपिन जागीरदार और भाई अजय शर्मा के साथ घर जा रहा था, तभी विजय नामक बदमाश आया और मेरे ऊपर पिस्टल तान दी गोली चलाई में नीचे झुक गया तो गोली सड़क पर पड़े ईट के मलबे में फंस गई घटना के बाद आरोपी विजय फरार हो गया। कुछ लोग उसके पीछे दौड़े, लेकिन वह हाथ नहीं आया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास सनसनी फेल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोली का खोल बरामद किया। आरोपी विजय के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 का केस दर्ज किया है।

# चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** करीब ढाई माह पूर्व सुदामा नगर के सेक्टर ई में कारोबारी के यहां हुई चोरी का पुलिस द्वारिकापुरी ने पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुदामा नगर निवासी राधेश्याम वर्म के घर पर चोरों ने धावा बोलकर अलमारी में रखे जेवरात, डेढ लाख नगदी और मोबाइल चुरा ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज में भी चोरों के चेहरे कैद हो गए थे। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने चोरी गए मोबाइल पर काल की तो एक चोर से बात हो गई लोकेशन के आधार पर पुलिस ने शिवकंठ नगर बाणगंगा निवासी करण पिता रामा जी को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर दो अन्य चोर आशीष पिता कमलेश परिहार निवासी विजयश्रीनगर तथा राजेश पिता लक्ष्मण निवासी गणेश नगर को गिरफ्तार किया। तीनों चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी गया माल बरामद कर लिया है। एडिशनल डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि पकड़े गए चोरों से पूछताछ की जा रही है कुछ पुरानी घटनाओं का भी खुलासा होने की उ मीद है।

## ट्रक में तोड़फ़ोड़ के आरोपी भी पकड़ाए

ट्रक में तोडफोड़ करने वाले आरोपियों को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। प्रमुख आरोपी ने अपनी हरकत पर माफी मांगते हुए कहा कि मेरा भाई से विवाद हो गया था। मैंने बहुत ज्यादा शराब पी ली थी इसलिए ट्रक के नीचे आकर आत्महत्या करने पहुंचा था। सुपर कॉरिडोर रोड पर रात के समय ट्रक रोककर उसमें तोडफोड़ करने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने ड्राइवर गुरजीत सिंह पिता कमलजीत सिंह कलोटे निवासी धुले सिटी महाराष्ट्र के ट्रक में तोडफोड़ के मामले में वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों पहचान करते हुए शैलेंद्र चौहान,शक्ति नगर,सचिन ठाकुर,अंबिकापुरी ,उत्तम उर्फ छोटू , अशोकनगर, राज मालाकार,बाबू मुराई कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शैलेंद्र चौहान ने बताया कि उसका अपने घर में भाई से झगड़ा चल रहा था इसी वजह से वह लगातार शराब पी रहा था और शराब के नशे में ट्रक के सामने लेट कर अपने ऊपर ट्रक चढ़ाने का बोला। उसके साथियों ने उसको लगातार रोका गया उसके बाद भी ट्रक वाले से अपने ऊपर ट्रक नहीं चढ़ाने पर नशे में उसने ट्रक का कांच फोड़ दिया।

# दहेज के लिए सताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला से उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज में 5 लाख रुपए की लाने की मांग की, जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो उसे सताने लगे। मामले में पुलिस ने पति सहित 4 के खिलाफ केस दर्ज किया है। खुड़ैल पुलिस के अनुसार शीतल पति रोहित पटेल (25) निवासी ग्राम उंडेल की शिकायत पर पति रोहित पटेल, सुनीता पटेल, शारदा पटेल और घनश्याम पटेल निवासी ग्राम सुमराखेड़ी (जिला देवास) के खिलाफ दहेज अधियम के तहत केस दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि उसे ससुराल में मायके से 5 लाख रुपए लाने के लिए दबाव बनाया गया। मना करने पर मारपीट की गई और मानसिक रूप से भी प्रताडित किया और धमकाया।

# जमीन के नाम पर लगाई करोड़ों की चपत

## बुजुर्ग महिला ने दर्ज कराया प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक बुजुर्ग विधवा के साथ आरोपियों ने भूखंड के नाम पर विधवा से 4.50 करोड़ रुपए हड़प कर लिए। दंपति ने बेटे के साथ मिलकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कमला देवी राय पति स्वर्गीय कुंदन सिंह राय( 72 ) निवासी दांगी स्टेट सीहोर की रिपोर्ट पर बिपिन चंद्र सोगानी उसकी पत्नी कुसुम सोगानी और बेटे शरद सोगानी निवासी पारसी मोहल्ला के खिलाफ धारा 420 और 406 का प्रकरण दर्ज किया है। टीआई शशीकांत चौरसिया के मुताबिक घटना 9 सितंबर 2022 का है । आरोपियों ने राजीव गांधी चौराहा के पास एक बेशकीमती भूखंड खुद का बता कर फरियादी कमलादेवी राय से 4.50 करोड़ रुपए हड़प लिए। इसी प्रकार धोखाधड़ी का एक मामला लसूड़िया थाना क्षेत्र में सामने आया है, जिसमें जमीन के नाम पर एक करोड़ की धोखाधड़ी केस दर्ज राजेंद्र पिता प्रेम नारायण ताम्रकार निवासी अमितेश नगर की रिपोर्ट पर आरोपी मनीष वर्मा निवासी ग्वालियर के खिलाफ लसूडिया पुलिस ने धारा 420 और 406 का प्रकरण दर्ज किया है।

# घायल एएसआई की इलाज के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आगर जिला कोषालय में पदस्थ एएसआई की अरविंदो की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते दिनों ड्यूटी के दौरान अचानक गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। दीपक राव कांटे पिता किशन राव 50 साल जिला कोषालय में पदस्थ थे। वह बीते दिनों ड्यूटी के दौरान गिर पड़े थे। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। उनको पहले जिला अस्पताल आगर में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती किया गया था। उसके बाद उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए इंदौर रेफर कर दिया। अरविंदो अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मौत हो गई।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।